एक नजर में

## शासकीय महाविद्यालय में महर्षि सांदीपनि गुरू पर्व का आयोजन



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृ.प.शा.स्ना.महा.देवास में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी के तत्वावधान में 29 जुलाई को गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन रखा गया, जिसे विशेष रूप से महर्षि सांदीपनी गुरू पर्व के रूप में मनाया गया। प्राचार्य डॉ.आर.एस. अनारे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व क्रीड़ा अधिकारी संग्राम साठे रहे। डॉ. विद्या माहेश्वरी, डॉ. बी.एस.जाधव, डॉ. राजेन्द्र मराठा, डॉ. संजय गाडगे, डॉ. रेखा कौशल तथा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. ममता झाला तथा डॉ. रश्मि ठाकुर समिति सदस्य मंचासीन रही। माँ सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन अर्चन किया गया। सरस्वती वंदना को कुसुम गेहलोद एवं दीपिका गेहलोद तथा डॉ. सीमा सोनी ने गुरू वंदना को मधुर स्वर दिये। गुरू सम्मान की अगली कड़ी में छात्र छात्राओं द्वारा प्राचार्य, मुख्य अतिथि , मंचासीन तथा सदन में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों का तिलक तथा उत्तरीय से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में मुख्य अतिथि संग्राम साठे एवं प्राचार्य डॉ. अनारे का पुष्पहार, शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। डॉ. ममता झाला ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थी वर्ग की और से छात्रा उदिता चौधरी ने महर्षि सांदीपनि के जीवनवृत एवं आदर्शो पर प्रकाश डाला। छात्रा नायला अर्शी ने गुरू शिष्य परम्परा के ऐतिहासिक पक्ष को समटते हुए अपने विचार रखे। श्री साठे ने गुरू को ईश्वर का प्रतिरूप बताते हुए अपने जीवन की समस्त उपलब्धियों को गुरू का आशीर्वाद माना। जिनके प्रति श्रद्धा भाव तथा अपने अहं का विगलन आवश्यक बताया। डॉ. बी.एस. जाधव ने गुरू शिष्य परम्परा से जुड़े प्रेरक प्रसंग द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. अनारे ने भारतीय ज्ञान परम्परा और गुरू महिमा पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। समिति सदस्य डॉ. प्रतिमा रायकवार, डॉ. रजत राठौर, डॉ.शकील खान, जितेन्द्रसिंह राजपूत तथा दीपक अटारिया एवं छात्र वर्ग से नितेश अहिरवार तथा छात्रा तमन्ना का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में डॉ. आराधना डिकुना, डॉ. भारती कियावत, डॉ. जरीना लोहावाला, डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. मनोज मालवीय, डॉ. संजय बारोनिया, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ. प्रीति मालवीय, डॉ. संदीप नागर, डॉ. ममता लावरे, डॉ. लता धूपकरिया, डॉ. ललिता गोरे, नीरज जैन, डॉ. भारती वास्कले, डॉ. राकेश नागर, डॉ. निलेश महाजन, अरूण कुशवंशी, डॉ. प्रमोद वर्मा, डॉ. अदिति कुमावत, डॉ. निकिता वर्मा, डॉ. सचिन दास, आराधना सांगते तथा संजना सोनी की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। गुरू शिष्य परम्परा से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण काव्य पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. लीना दुबे ने किया। डॉ. रश्मि ठाकुर ने गुरू शिष्य समबद्ध पौराणिक चरित्रों को रेखांकित करते हुए मौलिक काव्य रचना का पाठ किया एवं सदन का आत्मीय आभार माना।

## गुरु पूर्णिमा पर गुरुओं का पूजन-सम्मान एवं तिथि भोज का आयोजन



**सतवास।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम मोहाई जागीर में गुरुओं के पूजन, सम्मान एवं तिथि भोज का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुओं का तिलक, पुष्पमाला एवं पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान करने से हुई। जयप्रकाश शर्मा ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन में ज्ञान, संस्कार और सही मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। गुरु के आशीर्वाद से ही व्यक्ति अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है। इसके पश्चात विद्यालय में विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनों के लिए तिथि भोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रेमपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। यह आयोजन ग्राम में श्रद्धा, सम्मान और सामाजिक एकता का प्रेरणादायक संदेश देने वाला रहा।

## गुरु पूर्णिमा पर साधु संतों का आशीर्वाद लिया



**पीपरी।** रेवा कुंड श्री सीता माता मंदिर वाल्मीकि ऋषि आश्रम पर गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आज प्राप्त प्रात:10-00 बजे से ही गुरुवर संत श्री मोहन दास जी त्यागी बाबा के शिष्यों ने आकर गुरु जी की पूजा कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया यह स्थान अति प्राचीन स्थल है ।यह वाल्मीकि ऋषि की तपस्वी स्थली रही है किंवदंती है। वाल्मीकि ऋषि ने यहां तपस्या की थी। तब से ही यहां पर गुरु पूर्णिमा के दिन समय अनुसार जो भी गुरु रहे उनसे आकर शिष्य यहां विराजित गुरू से आशीर्वाद प्राप्त करते आ रहे हैं मुख्य रूप से सीता क्षेत्र के अजय शर्मा मनीष चंद्रवंशी रवि राजपूत मनोहर वास्केल सहित पिपरी पोला खाल किशनगढ़ पीपल पाटी रतनपुर समस्त क्षेत्र के ग्रामों के शिष्यों ने संत श्री के अनुयायियों ने आशीर्वाद गुरुवर से ग्रहण किया इस अवसर पर भंडारे की भी व्यवस्था रही.

# गुरु पूर्णिमा उत्सव पखवाड़े का शुभारंभ, गुरु के महत्व का वर्णन

**देवास। स्थानीय श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक देवास में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर गुरु के महत्व को प्रतिपादित किया गया ।इसके साथ ही 15 जुलाई से चल रहे गुरु पूर्णिमा उत्सव पखवाड़े का समापन हुआ। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के शिक्षक मिर्जा मुशाहिद बेग ने बताया दिनांक 15 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा उत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है ,जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का दिनांक वार आयोजन किया गया।**



प्रथम दिवस दीप प्रज्वलन ,सरस्वती वंदना के साथ गुरु पूर्णिमा उत्सव पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इस पखवाड़े में भाषण प्रतियोगिता,मेरे जीवन में गुरु विषय पर निबंध प्रतियोगिता ,योगाभ्यास ज्ञान एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियां ,कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक व्याख्यान आदि के साथ गुरु पूर्णिमा के दिन पुरस्कार वितरण संकल्प के साथ समापन हुआ।

निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं में सम्मान पटेल ने प्रथम ,कक्षा 11 में युवराज बामनिया ,कक्षा दसवीं में आर्यन चौहान, कक्षा 9वी में हर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्लोक प्रतियोगिता में दसवीं के छात्र प्रिंस कोगे ने प्रथम एवं नागेश्वर मालवीय कक्षा 10 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुरु वंदना राजपाल राव, सावन, क्रिस, नागेश्वर, वंशपाल, कान्हा पोरवाल, रितेश राव, वीरेंद्र पटेल, मनीष मालवीय, रोहित शाक्य, प्रिंस कोगे, हेमंत साहू ने प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम की प्रभारी संस्था की शिक्षिका अंजू सोलंकी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया एवं गतिविधियों का आयोजन किया।

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य के के मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु ही जीवन में मार्ग प्रशस्त करता है अंधेरे में प्रकाश दिखाता है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के शिक्षक लोकेश सांवलिया ने किया ।इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित छात्र उपस्थित रहे।

## अब सरकार पहुंचेगी जनता के द्वार

**कन्नौद** - मध्यप्रदेश में मंगलवार को जनसमस्या को लेकर एक जाजम पर सभी विभागों के अधिकारी प्रदेश की जनता की समस्या सुनकर सुलझाने का निर्देश देते हैं यह कितना सार्थक सिद्ध हुआ यह जनता जानती है ।

पर अब हमारे जनसेवक मुख्यमंत्री ने घोषणा कर दी की शुक्रवार को एक नया अभियान जन विश्वास के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में चलाया जाएगा इसकी गाईड लाईन अभी सामने नहीं आई है कि कौनसा जन विश्वास हम जनमानस से जीतना चाहते हैं .भिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं की गुणवत्ता को परखा जायेगा ?



## बालाजी एकेडमी में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

**कन्नौद** - श्री बालाजी एकेडमी, कन्नौद में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीत, कविता एवं प्रेरक विचारों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। प्राचार्य राम बैरागी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु ही व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देकर उसके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों का सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विद्यालय के संचालक गोविंद गर्ग ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। ग

ुरु के मार्गदर्शन से ही ज्ञान, संस्कार और सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जीवन में सदैव अपने शिक्षकों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएँ देते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

## विज्ञान प्रदर्शनी के साथ गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का गरिमामय समापन

**सन्नौड़,देवास।** शासकीय संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सन्नौड़ में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विज्ञान शिक्षक ऋषि मालवीय सर के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इसी अवसर पर विद्यालय में आयोजित गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का गरिमामय समापन भी किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक गोवर्धन सिंह चावड़ा, बद्री वर्मा एवं नाथूलाल चौधरी रहे,जिनका माल्यार्पण के साथ स्वागत विद्यालय के प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसनिया ने किया ।गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित



सांस्कृतिक कार्यक्रम हेमन्त उपाध्याय सर एवं कमल सिंह नागर सर के निर्देशन में संपन्न हुए। संगीत शिक्षक रवि मालवीय एवं नृत्य शिक्षक लक्ष्मण सेठाना ने विद्यार्थियों को गुरु वंदना, गुरु पूर्णिमा गीत एवं रामायण की चौपाइयों पर आकर्षक प्रस्तुतियों के लिए तैयार किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों से विभिन्न विषयों पर जिज्ञासापूर्ण प्रश्न पूछे, जिनका शिक्षकों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया। विज्ञान प्रदर्शनी एवं गुरु पूर्णिमा पखवाड़े की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसनिया, माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश पटेल तथा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र मुकाती ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। अंत में प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसनिया ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा। यह आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, भारतीय संस्कृति एवं गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने में प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

## गुरु पूर्णिमा पर टीम राजमाता ने किया दूध वितरण



**देवास।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर टीम राजमाता द्वारा गौ सेवक जीतू रघुवंशी के नेतृत्व में सेवा भाव से प्रेरित दूध वितरण कार्यक्रम का आयोजन कैलादेवी चौराहा पर किया गया। इस अवसर पर स्वयं विधायक राजमाता गायत्री राजे पवार ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने कर-कमलों से श्रद्धालुओं एवं आमजन को दूध वितरित किया। विधायक राजमाता गायत्री राजे की गरिमामयी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को विशेष बना दिया। उनका स्नेह, वात्सल्य और सहज-सादगी सभी के लिए प्रेरणास्रोत रही। टीम राजमाता जी के सदस्यों ने बताया कि समाज सेवा और जनकल्याण के ऐसे कार्य भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। गुरु पूर्णिमा के इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने राजमाता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।



## शिक्षकों ने गुरु का सम्मान करने के लिए किया प्रेरित


**सोनकच्छ।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावई में गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कोमल खरे ने मां सरस्वती वंदना और प्रेरक उद्बोधन से की। जिसमें उन्होंने गुरु की महिमा के बारे में बच्चों को बताया कि गुरु हमारे जीवन में ज्ञान रूपी प्रकाश का स्रोत है। बच्चों की ओर से भी गुरु की महिमा पर एक भजन गाया गया। अन्य शिक्षकों ने भी गुरु की महिमा पर अपने प्रेरक विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य इस्माइल मंसूरी ने बच्चों को माता पिता और गुरु का सदैव सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। संचालन प्रमोद शर्मा द्वारा किया गया। आभार लोकेश द्वारा किया गया।

## 500 किमी दूर तक जाकर भैरव पूजन किया

**बागली।** बागली क्षेत्र से जुड़े कई परिवारों के भेरू महाराज अन्यत्र स्थान पर विराजित है बागली में मेवाड़ा माली समाज के परिवारों के भैरव महाराज राजस्थान स्थित अजमेर में देवमाल के नाम से पूजे जाते हैं। बुधवार को आषाढी पूनम पर परिवार के 50 से अधिक सदस्य राजस्थान स्थित भैरव महाराज मंदिर पर पूजन करने पहुंचे परिवार के सदस्य राजा अजमेरख ने बताया कि यहां विराजित भेरू महाराज को सर्वधर्म के लोग पूछते हैं लेकिन उनके कुल भाट ने बताया कि वास्तव में यह अजमेरा माली परिवार के कुल भैरव है और इन्हीं के नाम से इस शहर का नाम अजमेर रखा गया वहीं राठौर परिवार के भेरू महाराज बागली में ही स्थित है यहां पर भी सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में राठौर समाज के लोगों ने पूजा अर्चना की ।योगी मकवाना गोत्र समाज के भैरव महाराज मक्सी के पास आलरी में इमली के पेड़ के नीचे विराजित है यहां पर समाज से जुड़े



इंदौरकमलापुर बागली सिंगांवदा आदि स्थानों से समाज के लोग पहुंचे इसी प्रकार चित्तौड़ा समाज के लोग भी लोटन भैरव जी महाराज पर पूजा करने पहुंचे जैन समाज के लोग भी शिवपुरी स्थित नाकोड़ा भैरव स्थान पर पूजा अर्चन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने बताया कि इस बार भैरव पूनम को लेकर अपार उत्साह दिखाई दिया सभी भैरव स्थान पर सुबह से भीड़ दिखाई दी। इसी दौरान गुरु पूर्णिमा अवसर पर गुरु पद पूजन भी रखा गया दुरदराज से आए शिष्यों ने वाग्य योग चेतना पिठम स्थान पर आकर गुरु पूजन किया। जटाशंकर तीर्थ पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आए वही बुधनी स्थित आश्रम पर भी अयोध्या दास महाराज के आश्रम पर उनके दर्शन करने दूर-दूर से अनुयाई पहुंचे·



## पंच दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**भौरासा।** भौरासा नगर में स्थित छोटे हनुमान चौक में पंडरीनाथ मंदिर परिसर में पंच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनांक 25 जुलाई 2026 देवशयनी ग्यारस से प्रतिदिन रात्रि को 8-00 बजे आयोजित हो रही है संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हो रहे हैं यह कथा दिनांक 29 जुलाई 20 26 तक आयोजित की जावेगी कथा प्रतिदिन नगर के ही कथा प्रवक्ता अंश किशोर प्रभु जी के मुखाबिंद से आयोजित की जा रही है कथा के दूसरे दिन कथावाचक अंश किशोर प्रभु जी का नगर वासियों द्वारा पुष्प माला पहनकर दुपट्टा डालकर स्वागत किया गया इस अवसर पर पार्षद भादर सिंह भाटिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय नागर,सुरेश राठौर ,रमेश ठाकुर, राहुल बंड, अरविंद चौधरी,कमल पाटीदार आदि के द्वारा पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया कथा का समय रात्रि को 8-00 बजे से 10-00 बजे तक रोजाना सुनाई जा रही है कथा का आयोजन नगर के बंड परिवार के द्वारा कथा करवाई जा रही है जिसमें रोजाना सैकड़ो की संख्या में भक्तगण व महिलाएं एव बच्चे ग्रामीण भी कथा का आनंद ले रहे हैं।

एक नजर ▶ गुरु पूर्णिमा पर्व पर धार्मिक आयोजन के साथ हुई वृक्ष गंगा अभियान पर चर्चा

# गुरु पूर्णिमा पर एक पेड़ गुरु के नाम का संकल्प उभरा

- पौधे बड़ी श्रद्धा से सहयोग राशि देकर श्रद्धालुओं ने प्राप्त किए
- 32 श्रद्धालुओं ने दीक्षा ली साथ ही अन्य संस्कार भी निश्शुल्क संपन्न हुए

**देवास । गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 28 एवं 29 जुलाई को अखण्ड जप, दीपयज्ञ एवं पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए।**

गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि 28 जुलाई को प्रात:06 बजे से शाम 06 बजे तक अखण्ड जप एवं रात्रि 07:30 बजे दीपयज्ञ हुआ तथा 29 जुलाई गुरू पूर्णिमा को प्रात:8:30 बजे से श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी, वंदनीया माता भगवतीदेवी शर्मा एवं देवोहवान व देवपूजन कर पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ साथ ही दीक्षा, यज्ञोपवित, नामकरण, विद्यारंभ, पुंसवन सहित विभिन्न संस्कार निश्शुल्क सम्पन्न हुए । अपरान्ह 12 :30 बजे गायत्री महायज्ञ



की पूर्णाहुति पश्चात आरती सम्पन्न हुई । पूर्णाहुति पश्चात 01:00 बजे अपनों से अपनी बात में वृक्ष गंगा अभियान पर विशेष चर्चा हुई जिसमें जिला युवा समन्वयक प्रमोद निहाले ने वृक्षारोपण पर विशेष बात रखी और इस अभियान पर विशेष सहयोग की बात कही और कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर गुरु दक्षिणा में एक पेड़ गुरु के नाम अवश्य लगाए। श्री निहाले ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व शिष्य के लिए गुरू का सबसे अनमोल दिवस व संकल्प पर्व है, इस दिन शिष्य को बड़ा संकल्प लेकर बड़ी गुरु दक्षिणा देना चाहिए एवं गुरुदेव के बताए हुए मार्ग पर चलकर उनका लाभ उठाना चाहिए ।गुरू पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा से सहयोग राशि देकर शक्तिपीठ से पौधें प्राप्त किए ।इस अवसर पर आनन्दम नेत्रालय द्वारा निश्शुल्क नेत्र शिविर एवं अन्य रोगों के निदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 115 से अधिक परिजनों ने अपनी आंखों की जांच कराई एवं अन्य रोगों की जांच कराई जिसमें आनंदम नेत्रालय से मार्केटिंग मैनेजर राहुल शर्मा, रवीना ठाकरे एवं साहिल वर्मा सहित पूरी टीम ने पूर्ण मनोवेग व कुशलता से आंखों की जांच की ।गायत्री महायज्ञ के अंत में महाप्रसाद (भंडारे) का उपस्थित परिजनों ने लाभ लिया । कार्यक्रम में भारतसिंह बनाफर, कन्हैयालाल मोहरी, जगदीश चौहान, सुभाष जैन, हीरालाल निहाले, सरिता पाटीदार, विजय जाधव, मंजू पटेल, विक्रमसिंह राजपूत, महेन्द्र राठौर, गोपाल श्रीवास्तव, सुरेन्द्र दुबे, देवकरण कुमावत, लक्ष्मण पटेल, मुनीश नामदेव आदि का सराहनीय सहयोग रहा । कार्यक्रम में बी. एल.खंडेलवाल, रमेशचन्द्र मोदी, गणेशचंद्र व्यास, कामना पटेल, उषा कुमावत, राधा पटेल, धर्मेन्द्र पंवार सहित सैंकड़ों परिजन एवं श्रद्धालु उपस्थित थे ।गायत्री शक्तिपीठ पर यज्ञ कर्मकांड का संचालन अपूर्वा पटेल सहित शक्तिपीठ की देवकन्याओं ने संगीतमय किया एवं दीक्षा, पुंसवन, विद्यारंभ सहित अन्य संस्कार परिव्राजक रामनिवास कुशवाह ने विधिवत सम्पन्न कराए ।आभार मुख्य प्रबंध ट्रस्टी महेश पंड्या ने माना ।वहीं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर पंच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ पूज्य गुरुदेव, वंदनीय माताजी एवं मां गायत्री जी की पूजा अर्चना कर गुरु पर्व मनाया गया ।